## सार-समाचार

### कई स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी

**जोधपुर**, (कासं) । शहर में दुपहिया वाहन चोरी का सिलसिला नहीं थम रहा है। कमिश्नरेट में अलग अलग स्थानों से वाहन चोरों ने कई गाडिय़ां गत पिछले चौबीस घंटों में पार कर ली। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में मूलत : फलोदी के भींयासर हाल मिल्क मैन कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र भंवरलाल मेघवाल ने पुलिस को बताया कि पर्ल इंटरनेशनल गार्डन के पास से उसकी उसकी बाइक चोरी हो गई। इसी तरह मधुबन हाऊसिंग बोर्ड निवासी मयुर ठाकुर पुत्र चन्द्रकांत ठाकुर ने चौहाबो पुलिस को बताया कि पाल बालाजी मंदिर दर्शन करने आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। वहीं चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड निवासी देवेन्द्र देवड़ा पुत्र रामगोपाल देवड़ा ने पुलिस को बताया कि वह अशोक उद्यान आया था। जहां बाहर खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई। सरदारपुरा पुलिस के अनुसार शिवालिक कॉम्पलैक्स के पीछे मालियों की गली कुम्हारों के मंदिर के पास रहने वाले राजेन्द्र पुत्र घेवरचंद प्रजापत की बाइक उसके घर के बाहर से चोरी हो गई। इसी तरह महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में सुभाष चौक रातानाडा निवासी मेहताब हुसैन पुत्र अब्दुल शहीद ने पुलिस को बताया कि सुनिता मोटर्स के सामने महामंदिर क्षेत्र से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। सूरसागर थाने में दी रिपोर्ट में अंबेडकर नगर काली बेरी सूरसागर निवासी प्रवीण पुत्र नरसिंह ओढ ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। जबकि बोरानाडा पुलिस के अनुसार मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद असफाक की बाइक एक कॉलेज के पास से चोरी हो गई।

### बलिदान दिवस पर कोटा में सम्मेलन होगा

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के जिला महामंत्री बहादुरसिंह राठौड़ ने बताया कि मेजर दलपतसिंह शेखावत का 106 वे बलिदान दिवस कोटा में रावणा राजपूत समाज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महा संमेलन आयोजित किया जायेगा। युवा प्रदेश अध्यक्ष श्यामसिंह खोड़ के नेतृत्व में लोकसभा स्पीकर ओम बिडला से मिला और कोटा मे आयोजित होने वाले महा संमेलन का निमंत्रण दिया। 23 सितंबर 2024 को कोटा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बतोर मुख्यअतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। शहर अध्यक्ष उगमसिंह चौहान के नेतृत्व मे पाली शहर मे प्रचार प्रसार जोरों से चल रहा है। सभी इकाई के समाज बंधुओं को कोटा मे आयोजित होने वाले महासंमेलन का निमंत्रण दिया गया। पाली से हजारों की संख्या में समाज बंधु व मातृ शक्ति कोटा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। रविंद्रसिंह भाटी, विक्रमसिंह गोयल, खीमसिंह भाटी, कल्याणसिंह सोलंकी, दलपतसिंह भाटी, खेतसिंह पंवार, लक्ष्मणसिंह भाटी, प्रतापसिंह पंवार, मनोहरसिंह, कालूसिंह, कुलदीपसिंह, रतनसिंह, कचरुसिंह राठौड़, नविनसिंह शेखावत, लोकेशसिंह, शेरसिंह चौहान, जितेंद्रसिंह खिवाड़ा, महेंद्रसिंह चौहान, अमरसिंह, किशोरसिंह, जितेंद्रसिंह परमार, मदनसिंह, देवेंद्रसिंह सहित समाज बंधु कार्यक्रम की तैयारियों मे जुटे हुए हैं।

### प्रशासनिक अधिकारी के निलंबन पर रोक

**जोधपुर**, (कासं) । जलभराव की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों की मांग को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने के मामले में जिला परिषद् जोधपुर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी नेमाराम चौधरी को निलम्बित करने पर राजस्थान हाईकोर्ट ने हैरानी जताते हुए निलम्बन आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रजाक खान हैदर और फोजाराम खोथ ने पैरवी करते हुए तर्क दिया कि याचिकाकर्ता की ग्रामीणों के प्रदर्शन में कोई भूमिका नहीं थी।उनकी मंशा केवल जनहित में ग्रामीणों की समस्या पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की थी। निलम्बन आदेश विधिक प्रक्रिया अपनाए बिना जारी किया गया है, जो कि विधिविरुद्ध, मनमाना और याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का हनन कर रहा है। प्रारम्भिक सुनवाई के बाद न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की एकलपीठ ने निलम्बन आदेश के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाते हुए पंचायतीराज विभाग के प्रमुख सचिव औरजोधपुरपरिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### यौन शोषण का मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं) । जिला पूर्व में बनाड़ पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने नौकर पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। पिछले दो साल से इनके बीच संबंध बना हुआ था। आरोपी उसकी दुकान का नौकर था और इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद इनके बीच संबंध कायम हुए। आरोपी उसे कई बार होटलों में भी लेकर गया। पुलिस ने बताया कि 24 साल की एक महिला की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें आरोप है कि उसकी दुकान पर एक युवक दो साल से नौकरी कर रहा था। बाद में इंस्टाग्राम पर दोस्ती की थी। वह उसे कई बार होटलों में लेकर गया और दुष्कर्म किया। नौकर उसका यौन शोषण करता रहा। पुलिस के अनुसार इनके बीच दोस्ती का क्रम दो साल से चला आ रहा था। पुलिस ने पीड़िता का बयान लिए जाने के साथ उसका मेडिकल करवाया है। आरोपी नौकर की दस्तयाबी के प्रयास जारी है।

### कचहरी परिसर से वैंडर का बैग चोरी

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के पुराना हाईकोर्ट परिसर में एक वैण्डर का बैग चोरी हो गया। बैग में जरूरी दस्तावेजों के साथ दो हजार रूपए थे। पीड़ित ने इस बारे में उदयमंदिर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से बैग चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि रूपाबाई का जाव महामंदिर निवासी मोहित सांखी पुत्र मनोज सांखी की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह पुराना हाईकोर्ट परिसर में वैण्डर है। उसकी टेबल पर बैग रखा था जोकि चोरी हो गया। बैग में वाहनों के दस्तावेजों के साथ जरूरी सामान और दो हजार रूपए थे। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज से अब बैग चोर का पता लगाया जा रहा है। जांच हैडकांस्टेबल प्रेमसिंह की तरफ से की जा रही है।

### अवैध गैस रिफिलिंग का प्रकरण दर्ज

**जोधपुर**, (कासं) । अवैध रूप से गैस सिलेण्डर से गाडिय़ो में गैस भरने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने दो गैस सिलेण्डर, मशीनरी और कांटा बाट जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ प्रतापनगर थाने में ईसी एक्ट का प्रकरण बनाया गया है। एसीपी प्रतापनगर अंशु जैन ने एलआईजीएच कॉलोनी कमला नेहरू नगर में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस निकाल कर गाडिय़ो में भरने के आरोप में नियामत अली पुत्र हसन अली को गिरफ्तार कर दो गैस सिलेण्डर, एक इलेक्ट्रोनिक मशीन, इलेक्ट्रोनि कांटा, नोजल पाइप और टैक्सी को जब्त किया। उसके खिलाफ ईसी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

### पत्थर की खान के पानी में अधेड़ डूबा

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के सूरसागर स्थित फिदूसर भाकरी में पत्थर की खान में भरे पानी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। उसके पुत्र की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। सूरसागर पुलिस ने बताया कि नई भाखरी बास, सूरसागर निवासी 55 साल का प्रकाश पुत्र चंद्राराम मेघवाल भाखरी फिदूसर चौपड़ में पत्थर की एक खान में भरे पानी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वह संभवत: पैर फिसलने से गिरा होगा। इस बारे में उसके पुत्र विक्रम मेघवाल की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

### पेयजल आपूर्ति 3 दिन बाधित रहेगी

**बालोतरा**, (निसं)। जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग के अधीशाषी अभियंता मनु शर्मा ने बताया कि पोकरण फलसूंड बालोतरा - सिवाना परियोजना के अंतर्गत मुख्य पाइप लाइन का बागुंडी से खारापार गाँव के बीच 1100 एमएम की पाइपलाइन लीकेज होने के कारण शटडाउन लेकर पाइप लाइन डीवाटरिंग व मरम्मत का कार्य 20 सितंबर 2024 प्रात: 10 बजे से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान योजना से जुड़े क्षेत्र यथा बालोतरा शहर में जल वितरण सामान्य से 3 दिन की देरी से हो सकेगा। साथ ही उन्होने अपील करते हुए कहा कि जल की समुचित मात्रा का भण्डारण करके रखें और जल को मितव्ययता से उपयोग करें।

### सूने मकान से सैनेट्री का सामान पार

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के निकटतर्वी बनाड़ स्थित रमजान का हत्था के पास में एक बंद मकान से चोर सैनेट्री का सामान चोरी कर गए। इस बारे में बनाड़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया। बनाड़ पुलिस ने बताया कि संतोष गार्डन के पास रमजान का हत्था बनाड़ निवासी इन्द्रा पत्नी ओमप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि उसके प्लाट संख्या 8-9 पर बने मकान से चोर सैनेट्री का सामान चोरी कर ले गए। चोर दिन के समय आए थे।

# हजरत मस्तान शाह बाबा सोजतसिटी का उर्स संपन्न

**हजरत मस्तान शाह बाबा सोजतसिटी का 121 वां उर्स बड़ी ही शानो शौकत के साथ मनाया। नौशाद शोला ने अपने बेहतरीन अंदाज में मनमोहक कव्वलियां पेश की।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। हजरत मस्तान शाह बाबा सोजतसिटी का 121वां उर्स बड़ी ही शानो शौकत के साथ मनाया गया। उर्स के दौरान हिन्दूस्तान के मशहूर कव्वाल नौशाद शोला ने अपने बेहतरीन अंदाज में मनमोहक कव्वलियां पेश की।

दरगाह कमेटी के सदर साकिर राजा ने जानकारी देते हुए बताया की हर साल की तरह इस साल भी दोपहर 3 बजे से हजरत मस्तान शाह नूर शाह बाबा की दरगाह से जश्न-ए- मोहम्मदी का जुलूस रवाना होकर चांद पोल गेट पुलिस थाना रोड होते हुए मैन बाजार सब्जी मंडी जैतारिणीया गेट होते हुए शाम साम 8 बजे दरगाह नूर शाह मस्तान शाह बाबा के यहा पहुंचा। चादर व फूल पेशकर देश में अमन चैन भाईचारे की दुआएं मांगी। महफिले कव्वाली का रात दस बजे लेकर सुबह 6 बजे तक चलती रही। उर्स के दौरान पिरे तरीकत पीर सैय्यद वाजिद अली, पीर जुल्फीकर अली, पीर साजिद अली पार्षद मुख्य अतिथि व भामा शाह रिजवान खान, भूर जी, युसूफ रज़ा खान रहे। एंकर आमीर रज़ा ने मंच संचालन किया। दरगाह कमेटी सदर साकिर राज़ा, सेकेट्री मोहसिन अली, कोषाध्यक्ष अकबर पठान सिपाही, जीशान सोनी, यासीन बालक, अ. वहाब सिलावट, अ. रज्जाक कुरैसी, एडवोकेट आमीर खान सिलावट, मुजिमिल सिद्दीकी, वाजिद खान सिपाही, अकील पठान सज्जाद एस के सिलावट का योगदार रहा।

वहीं हजरत पीर सैय्यदना अब्दुश्शकुर साहेब शहीदे नाज़ रहमतुल्लाह अलैय का शम्सी तारीख के हिसाब से 18 उर्स आज ओर कल मनाया जाएगा। कमेटी के मोहम्मद नासिर रहीमी छिपा ने बताया कि मौलाना सैय्यद सूफी अब्दुरहीम साहब कादरी शहीदी की सदारत में होने वाले इस प्रोग्राम में शाम को बाद नमाजे ईशा नया चुडिगर मोहल्ला में नातख्वानी का प्रोग्राम रखा गया है। जिसमे पाली शहर के मशहूर नातख़्वान अपना बेहतरीन कलाम पेश करेंगे और कल शाम को बाद नमाजे ईशा शेखो की ढाणी में खानकाहे शहीदे नाज में सूफीयाना क़व्वाली का शानदार प्रोग्राम रखा गया है। जिसमे हिंदुस्तान के मशहूर क़व्वाल जनाब साबरी ब्रदर्स सूफि पार्टी जयपुरी अपना कलाम पेश करेंगे। ये सब प्रोग्राम जनाब मौलाना सय्यद अब्दुर्रहीम साहेब की सरपरस्ती में होगा। प्रोग्राम को कामयाब बनाने के लिए नवाब भाई रहीमी,युसुफ साहब अशरफी आदी गुलामाने शहीदे नाज कमेटी के कार्यकर्ता लगे हुए है।

# सामूहिक तर्पण कार्यक्रम जारी

**पाली शहर के लाखोटिया तालाब स्थित महा छठ घाट पर श्राद्ध पक्ष में तर्पण कार्यक्रम किए जा रहे हैं।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**,(नि.सं.)। पाली शहर के लाखोटिया तालाब स्थित महा छठ घाट पर पूर्णिया से लेकर श्राद्ध पक्ष की अमावस्या तक शहर वासियों को रोजाना नि:शुल्क तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडित जितेंद्र पांडे, विशाल जोशी रोजाना विधि विधान से मंत्र द्वारा तालाब के पानी में खड़े रखकर अपने-अपने पूर्वजों को तर्पण कर रहे हैं।

बताया गया कि यह कार्यक्रम सुबह 6 बजे से और दूसरी पारी 8 बजे से की जाती है। श्राद्ध पक्ष की अमावस्या पर बड़ा कार्यक्रम होगा।

## खेलकूद प्रति. हुई

**पाली**, (नि.सं.)। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के साथ-साथ खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पाली के तत्वावधान में शिक्षा विभाग के सहयोग से विधिक सेवा दिवस 2024 के अवसर पर विशेष योग्यजन/दिव्यांगजनों के लिए पूर्ण रूप से समर्पित विधिक जागृति के क्रम में रालसा स्पोर्ट फॉर अवेयरनेस-उड़ान'' के तहत जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सभी स्पेशल विद्यालयों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के 08 वर्ष की आयु से 18 वर्ष की आयु या मानसिक मंदता में 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष रूप से सक्षमजन के मध्य विधिक सेवा खेलकूद प्रतियोगिताएं-2024 का आयोजन किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में एकल प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, शॉटपुट, बेडमिन्टन, कैरम, टेबल टेनिस, पेंटिंग/चित्रकला तथा सामुहिक प्रतियोगिता कबड्डी में विशेष योग्यता रखने वाले विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढकर भाग लिया गया।

# काजरी में किसान नवाचार दिवस-खरीफ 2024 हुआ

**जोधपुर**, (कासं) । आईसीएआर, काजरी, जोधपुर में उन्नत प्रोद्योगिकियों के प्रदर्शन के लिए किसान नवाचार दिवस-खरीफ 2024 आयोजित किया। काजरी के प्रभारी निदेशक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसपीएस तंवर ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को किसानों तक पहुंचाने के उद्धेश्य से किसानों को सीधे ही हरे भरे खेतों में अवलोकन करवाया ।

नवीन प्रोद्योगिकियों को अपनाने से खेती से उत्पादन और आय भी बढ़ेगी । डा. तंवर ने कहा कि जीवन्त फसल प्रदर्शन कार्यक्रम से किसानों को बहुत लाभ हो रहा है। काजरी द्वारा विकसित मोठ की नई किस्में काजरी मोठ-4 एवं काजरी मोठ-5 इस इलाकें में गेम चेंजर साबित होगी । किसान समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर अधिक रोजगार, आमदनी अर्जित कर पायेंगें । पशुओं के चारे के लिए घास की नई किस्म काजरी-2178 से चारा की उपब्धता बढेगी । किसानों ने खेत में सीधे ही वैज्ञानिकों से संवाद किया । वैज्ञानिकों ने किसानों की शंकाओं ,समस्याओं का समाधान किया ।

नोडल अधिकारी डा. महेश कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति के किसानों के उत्थान एवं कृषि से आय अधिक व जीवन स्तर में सुधार के लिए विभिन्न गांवों में कार्य चल रहे है उन गांवों के किसानों को भी प्रोद्योगिकियों से रूबरू करवाया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आरके सोलंकी ने नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित श्रीअन्न मॉडल न्यूट्री विलेज परियोजना के तहत बाजरा, कंगनी और चीना की उन्नत किस्मों और मिलट्स के विभिन्न उत्पादों पर जानकारी दी । विभागाध्यक्ष डा. पी सान्तरा ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, डा. धीरज सिंह ने उद्यानिकी , डा. आरके कांकाणी ने पौध संरक्षण एवं प्रजनन, डा. एम. पाटीदार ने पशुपालन प्रबन्धन, डा.एचएल खुशवाहा ने सौर उर्जा, डा. बीएस राठौड़ ने तकनीकी हस्तांतारण, प्रधान वैज्ञानिक डा. आर एन कुमावत ने नेपियर घास, डा. अर्चना वर्मा ने कृषि वानिकी, डा.एके शर्मा ने जैविक खेती, डा.सुभाष कछवाहा ने पशु प्रबंधन के बारे में जानकारी दी । प्रधान वैज्ञानिक डा.एचआर महला ने बताया कि फसल वाटिका में मूंग, मोठ, ग्वार, बाजरा प्रत्येक की 20 किस्में लगी है । उन्होंने किस्मों की विशेषताओं के बारे में बताया।

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी वरिष्ठ ग्रेड सुरेश कुमार एवं लेखा नियंत्रक सुनिता आर्य भी इस मौके पर उपस्थित रहे। किसानों को समन्वित फसल वाटिका, कृषि वानिकी, बीज उत्पादन, प्राकृतिक राल व गोंद उत्पादक पादप उद्यान, फलोंउद्यानिकी, एकीकृत कृषि पद्धित, जैविक खेती, डेयरी, कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण करवाकर जानकारी दी ।

किसानों ने बाजरे के सिट्टों से लेकर मूंग, मोठ, ग्वार आदि की फलियों की उन्नत किस्में देखी । फलोउद्यानिकी में अंजीर अनार और बेर व खजूर की खेती ने किसानों को आकृषित किया । थार शोभा खेजड़ी से अधिक सांगरी लेने की किस्म का भी जीवन्त प्रर्दशन किया गया। इसमें महिला किसान, पशुपालकों के लिए थारपारकर नस्ल की गायें, मारवाड़ी नस्ल की भेड़, बकरी, उन्नत चरागाह के लिए घास की विभिन्न किस्में, नेपियर घास, व सहजन वृक्षों, चारागाह हेतु उन्नत घासों, आदर्श जैविक फार्म, कुमट के पेड़ से गोंद उत्पादन, समन्वित कृषि प्रणाली फलोउद्यानिकी वैकलिपक चारा आदि की उपयोगी बताई गई। इसमें विभिन्न गांवों के करीब 700 किसानों ने भाग लिया।

# जनसुनवाई के 8, सर्तकता के 6 प्रकरण का निस्तारण किया

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंशाअनुरूप आमजन की परिवेदनाओं/समस्यों की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह अनुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई की जाती है जिसका प्रायोजन आमजन को राहत देना है जो की मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जनसुनवाईयो से साकार हो रहा है व आमजन को उनकी समस्याओं से मुक्ति मिल रही हैं । कलैक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जनसुनवाई में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान करे और सम्पर्क पर दर्ज प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण व समयबद्व निस्तारण करे इसमें कौताही बरतने वालें कार्मिको पर कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जयपुर से मुख्य सचिव भी वर्चुअली आयोजित हो रही जिला स्तरीय जनसुनवाई में जुड़े।

जिला कलैक्टर मंत्री ने जनसुवाई और सतर्कता समिति की बैठक में आये हुये फरियादियों से समस्याओं को बारीकी से सुना साथ ही जो प्रकरण आयें उन पर हाथों हाथ सम्बधित अधिकारियों से सम्पर्क कर उन्हें निस्तारण के लिये कहा।

### कुल 76 प्रकरण की सुनवाई की

आयोजित जनसुनवाई मे 8 प्रकरणों हाथों हाथ निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की।

कुल 76 प्रकरण की सुनवाई कर 8 प्रकरणो का हाथों हाथ निस्तारण किया गया व शेष रहे प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में स्वायत्त शासन से जुड़े प्रकरण 14 राजस्व के 4 , मेडिकल के 2, पुलिस के 7 , जेडीवीवीएनएल के 4, पीएचईडी के 2, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 2, लोकल सेल्फ नगरीय निकाय के 12 , ठाामीण विकास के 9, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग का 1, आईसीडीएस का 1, वन का 1, अन्य 7 प्रकरण जनसुनवाई में आये मामलों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द ही समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने आयोजित जिला सतर्कता समिति की बैठक में प्राप्त 12 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए हाथों हाथ 6 प्रकरणों का निस्तारण किया व अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के दिशा निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ बजंरग सिंह , अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग भवानी सिंह ,जिला परिषद सीईओ नंदकिशोर राजौरा, यूआईटी सचिव डॉ पूजा , उपखंड अधिकारी, पाली भागीरथ राम , पुलिस विभाग व सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे व सभी ब्लाक लेवल अधिकारी वीसी में व परिवादी मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान दो अक्टूबर तक

**जोधपुर**, (कासं) । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर गुरुवार को वॉकथान का आयोजन किया गया।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह के हरी झंडी दिखाने के साथ रेलवे स्टेडियम से वॉकथान जेडीए सर्किल, रेलवे अस्पताल आदि से होते हुए पुन: स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। अधिकारी व कर्मचारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता से संबंधित नारे लगा रहे थे। मंडल की शक्ति और पर्यावरण विंग की ओर से वॉकथान में डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने कहा कि स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर वॉकथान का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें शहर को स्वच्छ रखने के प्रति प्रेरित करना है । डीआरएम पंकज कुमार सिंह,अभियान के नोडल अधिकारी अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए वासुदेवन, डॉ गुलाबसिंह सारण, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (डीजल) राजकुमार शर्मा,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पॉवर) जोगेंद्र मीणा, वरिष्ठ मंडल विजली इंजीनियर नितेश कुमार मीणा, सहायक कार्मिक अधिकारी नरेंद्र सिवासिया आदि ने भाग लिया।

# बालोतरा में सतर्कता समिति की बैठक व जनसुनवाई हुई

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तर पर जिला सतर्कता समिति की बैठक और जनसुनवाई का आयोजन जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष में किया गया।

जिला स्तर पर आयोजित जिला सतर्कता समिति की बैठक और जनसुनवाई के दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवाद के संबंध में पारदर्शिता का होना आवश्यक है। सभी अधिकारी नियमित आधार पर प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों के संबंध में आगामी तीन सप्ताह के भीतर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की कौताही ना करें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निस्तारण योग्य परिवाद का गुणवत्तापुर्ण निस्तारण अवश्य करें। यदि किसी प्रकरण का निस्तारण किया जाना संभव ना हो तो परिवादी से वार्ता कर उचित कारणों का उल्लेख करें। ताकि उसे बार बार जनसुनवाई में नही आना पडें। उन्होने निर्देश दिये कि परिवादी को राहत देने से पुर्व परिवाद पर बात करें, परिवादी के संतुष्ट होने के पश्चात ही संपर्क पोर्टल पर उपयुक्त दस्तावेज संलग्न करें। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण कार्य के प्रति लापरवाही करने के कारण नगर परिषद आयुक्त के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलैक्टर यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 59 प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमें आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे ग्रेवल पट्टी बनाने, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, ट्रांसपोर्ट नगर में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने एवं रोड लाइट सही करवाने, अवैध निर्माण कार्य पर कार्यवाही करने, अवैध जल कनेक्शन को हटाने, टांका निर्माण का भुगतान करवाने, गांवो को जल जीवन मिशन से जोडने, घरेलू विद्युत कनेक्शन करवाने, अतिक्रमण हटाने, सीमाज्ञान करवाने, सीवरेज लाइन बिछाने, जनाधार में नाम जुड़वाने एवं कबाड़ की दुकानों को आबादी क्षेत्र से बाहर स्थानान्तरित करने के प्रकरण प्राप्त हुए। जिस पर जिला कलैक्टर यादव ने संबंधित अधिकारी को तुरन्त कार्रवाई कर राहत देने के निर्देश दिये।

जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेद्र यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल, विकास अधिकारी हीराराम कलबी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात, जोधपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल, जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता मनु शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक नितिन गहलोत, नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी समेत सभी तिला स्तरीय अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकरी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

# पाली मारवाड़ की धरा पर साहित्यकारों का सम्मान होगा

**पाली**, (नि.सं.)। कल्पवृक्ष साहित्य सेवा संस्थान एवं वंदेमातरम् शिक्षण समूह पाली के संयुक्त तत्वावधान में पं. विष्णुप्रसाद चतुर्वेदी स्मृति द्वितीय राष्ट्रीय व्याख्यानमाला एवं साहित्यकार सम्मान समारोह की योजना बैठक संयोजक राजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में आयोजित हुई।

समन्वयक डा.अखिलानंद पाठक ने बताया कि सम्मान समारोह अखिल भारतीय संत समिति राष्ट्रीय सचिव जगतगुरु विजयराम रावलद्वारा पीठाधीश्वर जगद्गुरु वेदेही वल्लभ देवाचार्य के सानिध्य में आयोजित होगा। व्याख्यानमाला अध्यक्ष पवन पाण्डेय ने जानकारी दी कि समारोह में देश के विभिन्न प्रदेशों के साहित्यकारों सम्मान किया जायेगा, जिन्होंने साहित्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। पं. विष्णुप्रसाद चतुर्वेदी राष्ट्रीय साहित्य अलंकरण संस्कृत उपासक वयोश्रेष्ठ अखिल भारतीय साहित्य परिषद नई दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुशीलचंद्र त्रिवेदी मधुपेश, राष्ट्रीय मीडिया गुरु सम्मान सूचना प्रसारण मंत्रालय भारतीय जनसंचार संस्थान नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. डा. संजय द्विवेदी, साहित्य रत्न सम्मान प्रबंधक राष्ट्रधर्म लखनऊ डा. पवन पुत्र बादल, सर्वश्रेष्ठ विज्ञान शिक्षक डा. हरिकृष्ण आर्य हनुमानगढ़, कथाकार सम्मान डा. फतेह सिंह भाटी अधीक्षक महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर, संस्कृति गौरव सम्मान डा.जितेन्द्रकुमार सिंह संजय मिर्जापुर, संस्कति रक्षा सम्मान महेन्द्र सिंह तंवर सहायक निदेशक महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र जोधपुर, संस्कृति शिक्षा सम्मान डॉ. सौरभ मालवीय लखनऊ, काव्य सृजन सम्मान जोगेश्वर गर्ग विधानसभा सचेतक जयपुर, युवा लेखक सम्मान डा. शिवेश प्रताप स्तंभकार, लोकनीति विशेषज्ञ नई दिल्ली, शिक्षक सम्मान डॉ. चारुशीला सिंह कवयित्री गोरखपुर, बाल साहित्य सम्मान आशा पाण्डेय ओझा उदयपुर, मानस मर्मज्ञ सम्मान डा. रामनारायण शर्मा श्रीगंगानगर, काव्य चेतना सम्मान डा. परमानंद भट्ट जालोर, साहित्य मर्मज्ञ सम्मान कवि प्रमोद श्रीमाली जयपुर, काव्य कला सम्मान डॉ. गोरधन सिंह सोढ़ा जहरीला बाड़मेर, मानव सेवा सम्मान प्रमोद जैथलिया अध्यक्ष सेवा समिति पाली, काव्य लेखन डा.तरुण राय कागा पूर्व विधायक चौहटन, बाल साहित्य सृजन चांद मोहम्मद घोसी कार्टूनिस्ट मेड़ता सिटी को प्रदान किया जायेगा। बैठक में संरक्षक शैल चतुर्वेदी, राघवप्रसाद पाण्डेय, भंवर सिंह राठौड़ चोटिला, प्रवीण त्रिवेदी भांवरी, रामसिंह गोहिल, सुदर्शन सिंह उदावत, जितेन्द्र सोलंकी, भगाराम गुर्जर, विष्णु सोलंकी, दीपक शर्मा, मनीष कुमार, सत्यनारायण राजपुरोहित सहित अन्य उपस्थित थे।

# पाली जिले में मां वाउचर योजना के 92 कूपन दिए

**पाली**, (नि.सं.)। गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए राज्य सरकार ने मां वाउचर योजना शुरू की है, जिसमें पीएमएसएमए प्लस पर जिले में चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं को 92 कूपन सोनोठााफी के लिए जारी किए गए।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान की एक सोनोठााफी नि:शुल्क कराई जाएगी।

इसमें जिले के 27 निजी सोनोग्राफी सेंटरों को जोड़ा गया है, जिससे गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के एरिया में सोनोग्राफी करवाने की सुविधा मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि योजना के प्रारंभ होने के पहले दिन पाली जिले में 92 कूपन सोनोग्राफी के लिए जारी किए गए। इनमें से सोजत ब्लॉक में 19, खारची ब्लाक में 17, देसूरी ब्लॉक में 14, सुमेरपुर ब्लॉक में 8, बाली ब्लॉक में 7, पाली ब्लॉक 7, रोहट में 6, रानी ब्लॉक में 5, नाडी मोहल्ला यूपीएचसी में 4, टैगोर नगर यूपीएचसी में 3, हाऊसिंग बोर्ड यूपीएचसी में 1, प्रताप नगर यूपीएचसी में 1 गर्भवती महिलाओं को सोनाग्राफी के लिए मां योजना का कूपन जारी किया गया, जिसमे से 10 लाभार्थी महिलाओं ने बुधवार को नि:शुल्क सोनोग्राफी कूपन से इन निजी सोनोग्राफी सेंटर पर सोनोग्राफी करवाई।

**वर्धमान क्रेडिट को. ऑप सोसायटी लि.**
वन वे रोड , मानपुरा कॉलोनी , जालोर
Reg.No. 1214/N/20.08.2008 दिनांक- 08/09/2024
**सूचना (सोसायटी के सदस्यो के लिये)**
वर्धमान क्रेडिट को , ऑप ,सोसायटी लि. जालोर के सदस्यो को सूचित किया जाता है । कि सोसायटी की वार्षिक आमसभा दिनांक 23.09.2024 को प्रांत: 11 बजे सोसायटी के प्रधान कार्यालय में आयोजित की जायेगी । जिससे आप सभी सदस्यों की उपस्थिति प्राथनीय है । नोट - निर्धारित कोरम पूरा नही होने पर स्थगित आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टा पच्श्रात प्रारम्भ होगी , विषय सूचित पूर्ववत रहेगी ।
प्रबन्ध निदेशक